## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने दिया एक दिन का वेतन

» लगभग 15 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में करवाया जमा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस के संकट के समय रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने रात दिन अपने जनहित में कर्तव्य निभाते हुए जोखिम भरा सेवा देने के साथ-साथ माह मार्च 2020 के वेतन से एक दिवस का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवाया। जिसमें कुल 1497335 रुपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा किया गया।

### सर्व शिक्षा अभियान के कर्मचारियों ने अपने 1 दिन का वेतन राहत कोष में जमा किया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राजीव गांधी शिक्षा मिशन समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ में कार्यरत अधिकारी एवं सभी संविदा कर्मचारियों ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के रोकथाम हेतु किये गए लॉक डाउन के समय में जरूरतमंद दैनिक मजदूर एवं गरीब लोगों के भोजन तथा अन्य आवश्यक सहायता हेतु सभी कर्मचारियों द्वारा अपने माह मार्च 2020 के वेतन से एक दिन का वेतन कुल राशि 35151 रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा किया गया।

### जनपद पंचायत पुसौर में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वेच्छा से जमा कराया एक दिन का वेतन

» 45045 रुपए जमा किए गए मुख्यमंत्री सहायता कोष में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनपद पंचायत कार्यालय पुसौर में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना वायरस के रोकथाम एवं प्रभावित आमजनों के सहयोग हेतु अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में स्वेच्छा से जमा किया। जिसमें 45045 रुपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष के खाता क्रमांक 30198873179 रुपए जमा की गई है।

### लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण कार्य संबंधी निर्देश जारी

» संग्रहण के समय एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी बनाए रखने के निर्देश

**रायपुर।** राज्य में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के दौरान लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, परिवहन तथा भण्डार में अति-आवश्यक कार्य के लिए न्यूनतम श्रमिकों और ग्रामीणों की कार्य करने की अनुमति देने तथा परिवहन, भण्डारण सेवा शर्तो के अधीन चालू रखने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस आशय का आदेश आज यहां मंत्रालय महानदी भवन स्थित वन विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रमुख सचिव वन द्वारा प्रदेश के समस्त संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जिला पंचायतों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में वन तथा सीमा क्षेत्रों से ईमली, महुआ फूल, चिरौंजी आदि खाद्य योग्य वनोपज हर्रा, बहेड़ा आदि औषधि योग्य वनोपजों का संग्रहण सीजन चालू है। ग्रामीणों तथा आदिवासियों द्वारा अपनी निजी क्षेत्र तथा वन क्षेत्र से संग्रहण कर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर ग्राम स्तर, स्व-सहायता समूहों को विक्रय करने के लिए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत अवगत कराया गया है कि ग्रामीणों और संग्राहकों को उक्त वनोपजों के संग्रहण करने तथा ग्राम स्तर पर स्व-सहायता समूहों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए शर्तों के अधीन व्यवस्था करना आवश्यक है ताकि उक्त खाद्य तथा औषधि महत्व के वनोपजों के संग्रहण, परिवहन तथा भण्डारण करने से ग्रामीणों को उसका भरपूर लाभ मिल सके। राज्य में लॉकडाउन अवधि में भारत सरकार गृह मंत्रालय की गाईड लाइन और राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में इन कार्यों के सुव्यस्थित संपादन के लिए सशर्त छूट प्रदान की गई है। इनमें लघु वनोपज संग्रहण, लाख पालन आदि में श्रमिकों और संग्राहकों को कार्य करने तथा संग्रहित वनोपज को ग्राम स्तर पर स्व-सहायता समूहों को विक्रय करने की छूट है। समूहों द्वारा क्रय लघु वनोपज को उपयुक्त स्थानों पर शर्तों उचित रख-रखाव करने की छूट प्रदान की गई है।

# खरसिया शहर के सरप्राइज चेक पर पहुंचे एसपी रायगढ़

» खरसिया एसडीओपी, एसडीएम सीएमओ व खरसिया स्टाफ को साथ लेकर पैदल भ्रमण किए शहर का

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अचानक पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह खरसिया शहर में दिनांक 04.04.2020 को सुबह करीब 7:00 बजे लाक डाउन का जायजा लेने पहुंचे।

अचानक खरसिया पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया, एसडीएम खरसिया एवं सीएमओ खरसिया तथा कर दिया पुलिस स्टाफ को मौके पर बुलाए और पूरे दलबल के साथ पैदल ही पूरे खरसिया शहर का भ्रमण किये। इस दौरान अव्यवस्था देखकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा सड़क पर पैदल एवं वाहनों में आते जाते लोगों को रोककर स्वयं पूछताछ करने लगे। इस दौरान अनावश्यक घूमते पाए गए बाइकर्स को सड़क पर ही कान पकड़वाये और उठक बैठक करवाएं। तब बाइकर्स ने एसपी से क्षमा की गुहार लगाकर बोले कि



लाक डाउन का पालन करेंगे। पूरे शहर का पैदल भ्रमण करने के पश्चात वापस एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफ कर निर्देशित किया कि लाक डाउन का सख्ती से पालन करावें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना पड़ेगा। इस दौरान खरसिया पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पीतांबर पटेल, एसडीएम घरघोड़ा गिरीश रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी खरसिया, थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस. आर. साहु, चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं खरसिया थाना, चौकी के स्टाफ मौजूद थे।

» अव्यवस्था देख अधिकारियों पर नाराज हुए पुलिस अधीक्षक स्टाफ को किये ब्रीफ



### औद्योगिक और व्यापारिक सुचारू संचालन के लिए मिलेगी मदद: भूपेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के दौरान लागू लॉकडाउन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के विभिन्न औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों के साथ चर्चा में कहा कि इस संकट की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार पूरी तरह उनके साथ है, प्रदेश में उद्योग और व्यापार ठीक ढंग से काम कर सकें इसके लिए हर संभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान उद्योगपतियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर समुचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्योग और व्यापार के हित में जिन विषयों पर केन्द्र सरकार से बात करने की जरूरत है, उस पर राज्य सरकार उचित पहल करेगी।

## ओव्हर रेट में मास्क व सेनीटाईजर बेचते पकड़ाया मेडिकल संचालक



**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना लॉकडाउन के दौरान मेडिकल स्टोर में अधिक दाम पर मास्क व सेनीटाईजर बेचने की शिकायत मिलने पर खाद्य एवम औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर में छापा मारकर मेडिकल संचालक को रंगे हाथों पकड़ा तथा कार्रवाई की। खाद्य एवम औषधि विभाग को सूचना मिली थी कि राजधानी के शंकर नगर स्थित विद्या मेडिकल स्टोर में मास्क एवं सेनीटाईजर की कीमत अधिक ली जा रही है जिस पर विभाग की टीम ने मेडीकल स्टोर में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान विभाग के आधा दर्जन अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार मेडिकल में दस रुपए वाले मास्क को 25 रुपए में वहीं 50 रुपए वाले सेनीटाईजर 200 रुपए में बेचा जा रहा था। विभाग की टीम ने ग्राहक बनकर मेडिकल स्टोर संचालक को बाकायदा बिल के साथ रंगे हाथ पकड़ा तथा संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने राज मेडिकल तेलीबांधा, प्रकाश मेडिकल भाटागाँव, मौली मेडिकल बीरगांव, गुप्ता मेडिकल बीरगांव,पर भी ओवर रेट में बिक्री करने के मामलें में कार्रवाई की है।

## कर्मचारियों के वेतन से कटौती नहीं करने संबंधी निर्णय का फेडरेशन ने किया स्वागत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश में कोरोना वायरस के बचाव व जरूरतमंदों की सहायता के लिए देश के अनेक राज्यों विशेषकर तेलंगाना महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा अधोषित् आर्थिक आपात्काल की भॉति वेतन कटौती का निर्णय लिया है। इन परिस्थिति में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों में भय व संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई थीं।

किंतु प्रदेश के संवदेनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने स्वयं कदम आगे बढ़ाते हुए सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा करते हुए प्रदेश में शासकीय सेवकों के वेतन कटौती से इंकार दिया है। इस घोषणा का छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, व संबद्व सभी संगठनों ने समवेत स्वर से प्रदेश के कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक सोच बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में स्वेच्छा से प्रदान करने का निर्णय लिया था। इसका मार्च माह के वेतन में स्वस्फूर्त पालन भी किया जा रहा है।

» पटवारी संघ ने निभाया दायित्व और फूड बैंक के लिए दिया 21 हजार रुपए » शहर के व्यवसायियों ने भी सहयोग हेतु दिया राशन सामग्री

# धरमजयगढ़ में जरूरतमंदों के लिए प्रशासन ने बनाया फूड बैंक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर श्री यशवंत कुमार की पहल पर जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने के लिए फूड बैंक योजना बनाकर क्रियान्वित की जा रही है।

जिसमें प्रशासन व जनभागीदारी के संयुक्त प्रयासों से शहर के ऐसे लोग जो दैनिक मजदूरी, दिहाड़ी या रोज अपना व्यवसाय लगाकर जीविका चलाते थे और लॉक डाउन से उनके सामने अपने परिवार के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन सभी परिवारों को चिन्हांकित कर उन तक लॉक डाउन अवधि तक के लिए राशन पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। धरमजयगढ़ में फूड बैंक स्थापित कर नगर के प्रत्येक वार्ड में जरूरतमंद परिवारों तक राशन पहुंचाया जा रहा है। अब तक ऐसे 75 परिवारों के 200 लोगों तक राशन की सहायता पहुंचायी जा चुकी है। धरमजयगढ़ एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे तथा उनके अमले द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में सहयोग के लिए



धरमजयगढ़ पटवारी संघ ने 21 हजार रुपए की सहायता राशि दी है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न व्यवसायियों एवं दानदाताओं ने सहयोग के रूप में वितरण के लिए राशन सामग्री प्रदान की है। जिनमें मनोज अग्रवाल नीचेपारा, हफीज उल्ला, अनिल ढाबा, गर्ग फर्नीचर एवं मुकेश इलेक्ट्रानिक्स, संजय अग्रवाल राईस मिल धरमजयगढ़, मनोज अग्रवाल नीचेपारा, मनोज अग्रवाल सियांग वाले, नरसिंह किराना (नर्मदा देवी) शामिल है। धरमजयगढ़ में जिनको भी राशन की आवश्यकता हो वे हेल्प लाईन नंबर शुभम श्रीवास्तव पटवारी मोबा. 8319874867 तथा खाद्य निरीक्षक के मोबा.नं. 7224852245 पर संपर्क कर सकते है।

## स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री को कोविड-19 से निपटने प्रदेश की जरूरतों की दी जानकारी

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री अश्वनी कुमार चौबे से फोन पर चर्चा कर कोविड-19 के नियंत्रण के लिए प्रदेश की जरूरतों की जानकारी दी।

उन्होंने श्री चौबे को बताया कि छत्तीसगढ़ द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय से 14 हजार पी.पी.ई. किट की मांग की गई है जिनमें से अब तक दो हजार किट की आपूर्ति की गई है। उन्होंने प्रदेश के लिए पर्याप्त संख्या में टेस्टिंग किट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने 50 हजार मास्क की भी जरूरत बताई। श्री सिंहदेव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री को प्रदेश में टेस्टिंग सेंटर की संख्या बढ़ाने के लिए अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने आई.सी.एम.आर. के द्वारा रैपिड टेस्टिंग किट के उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने के बाद संदिग्धों की जांच की संख्या बढ़ाने छत्तीसगढ़ को इसे पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। श्री सिंहदेव ने उन्हें बताया कि प्रदेश में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल दस मामले आए हैं। इलाज के बाद स्वस्थ हुए चार मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शेष छह मरीजों का उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आज संचालक, चिकित्सा शिक्षा डॉ. एस.एल. आदिले, अपर संचालक डॉ. निर्मल वर्मा और डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. विनीत जैन से चर्चा कर डॉ. भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय में कोविड-19 के इलाज के लिए की जा रही व्यवस्था की जानकारी ली। कोविड-19 के इलाज के लिए अभी 400 बिस्तर आरक्षित किए जा रहे हैं।



## छत्तीसगढ़ के 3.75 लाख गरीबों, मजदूरों निराश्रितों के लिए भोजन, राशन एवं मास्क की व्यवस्था

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर आपातकालीन स्थिति में गरीबों एवं मजदूरों के लिए की गई व्यवस्था

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना वायरस की संक्रमण की रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन में उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रदेश के गरीबों, मजदूरों और निराश्रितों के लिए राज्य सरकार द्वारा भोजन, राशन आदि की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐसी चुनौतीपूर्ण एवं आपातकालीन स्थिति में कोई भी गरीब मजदूर तथा घुमंतु परिवार एवं अन्य व्यक्तियों के लिए भूख की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किए हैं। साथ ही उन्होंने स्वयं सेवी संस्थानों, नगरवासियों, वार्डवासियों और ग्रामीणों से ऐसे लोगों की सहातया करने की अपील की। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशन एवं अपील पर 3 अप्रैल की स्थिति में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 3 लाख 75 हजार से अधिक गरीबों, मजदूरों और निराश्रितों को भोजन कराया गया, वहीं राशन आदि अन्य जरूरी सामानों की भी व्यवस्था की गई है।

राज्य सरकार एवं विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा 84 हजार 564 गरीबों, मजदूरों और निराश्रितों को भोजन कराया गया। 47 हजार 573 लोगों के लिए निःशुल्क राशन आदि की व्यवस्था की गई। स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा 74 हजार 330 गरीबों और निराश्रितों को भोजन कराया गया।

# मोटर सायकल पर शराब परिवहन करते 4 आरोपी गिरफ्तार सरिया पुलिस की कार्यवाही

» आरोपियों से 60 लिटर कच्ची महुआ शराब व 02 मोटर सायकल जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में सरिया पुलिस द्वारा कच्ची महुआ के विरूद्ध 02 बड़ी कार्यवाही की गई है।

सरिया पुलिस का स्टाफ कोराना वायरस को लेकर शांति, सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ है, इसी दौरान आज सुबह करीब 09.30 बजे मुखबिर से स्टाफ को सूचना मिली कि ओडिशा से मोटर सायकल पर कच्ची शराब लाये जाने की सूचना है। सूचना थाना प्रभारी के संज्ञान में आने पर स्टाफ को आमाकोनी के पास नाकेबंदी करने निर्देशित की।

स्टाफ द्वारा ग्राम बडे आमाकोनी स्कुल के पास, बिना नम्बर सोल्ड मोटर सायकल बजाज डिस्कव्हर में आरोपी 01- सादरराम सारथी पिता मुरलीधर सारथी 35 वर्ष, 02- कुबेर सारथी पिता छेदराम सारथी उम्र 45 वर्ष दोनों निवासी लोधिया थाना बरमकेला एवं मोटर सायकल एच एफ डिलक्स क्र0 सीजी 13 यूए 0923 में आरोपी 01- निरंजन सारथी पिता तुलसी दास सारथी उम्र 41 वर्ष सा0 लोधिया थाना बरमकेला, 02- तालुराम सारथी पिता मुकुटराम सारथी उम्र 48 वर्ष सा0 बडे आमाकोनी थाना सरिया को पकड़े, जिनके पास से 30-30 लिटर कच्ची महुआ शराब जुमला 60 लीटर महुआ शराब एवं उनकी 02 बाईक जप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में धारा 32(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।



### 11 सहायक सहायक उप निरीक्षक बने उप निरीक्षक

**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को अपने कार्यालय में सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक बने 11 पुलिस अधिकारियों को स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गई। पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों में जिला पुलिस बल से सहायक उप निरीक्षक हरीशचंद्र जाधव, सुरेश कुमार शर्मा, बालमुकुंद साहू, श्रवण कुमार मिश्रा, कमल सिंह सेंगर, मनीष बाजपेयी, गुलाब सिंह ठाकुर, राजेश सिंह परिहार, चंद्रमा प्रकाश तिवारी, घनश्याम प्रसाद मिश्रा एवं उमाकांत तिवारी शामिल है। सभी को पुलिस अधिक्षक रायपुर आरिफ शेख ने स्टार लगाकर उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की। इस अवसर पर अति पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज चंद्रा, सहित पुलिस विभाग कार्यालय के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-